दिन– शनिवार                                                    दिनांक– 16 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                          अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – उनकी सरकार का लक्ष्य भारत को वोट–बैंक की राजनीति से परे एक विकसित राष्ट्र बनाना है।

02. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सक्षमता परीक्षा के द्वितीय चरण का परिणाम घोषित किया। पैंसठ हजार सात सौ सोलह अभ्यर्थी हुए सफल।

03. बिहार रेजिमेंटल सेंटर दानापुर में कल से होने वाली सेना भर्ती रैली के कार्यक्रम में बदलाव। अब अट्ठाईस नवम्बर से जिलावार शुरू होगी रैली।

04. और, राजगीर में आयोजित एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन जारी। चीन को तीन–शून्य से पराजित कर प्वाइंट टेबल में शीर्ष पर पहुंची।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार का लक्ष्य वोट बैंक की राजनीति से परे हटकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। नई दिल्ली में एक निजी मीडिया संगठन द्वारा आयोजित लीडरशिप समिट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार लोगों के लिए, लोगों द्वारा प्रगति के मंत्र के साथ काम कर रही है।

———बाईट———

हमने सरकार का एक परपज तय किया है ये परपज वोट बैंक वाली जो पॉलिसी होती है ना उससे हमने सरकार का एक परपज तय किया है। ये परपज वोट बैंक वाली जो पॉलिसी होती है ना उससे हजारों मील दूर है। हमारी सरकार का परपज उसका उद्देश्य बड़ा है, विराट है, व्यापक है। हम प्रोग्रेस ऑफ द पीपल्स प्रोग्रेस बाय द पीपल, प्रोग्रेस फॉर द पीपल के मंत्र को लेकर चल रहे हैं। हमारा उद्देश्य नया भारत बनाने का है, भारत को विकसित बनाने का है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार विकास का ऐसा मॉडल अपना रही है जहां निवेश से प्रगति और रोजगार को गति मिलती है। श्री मोदी ने कहा कि दो हजार चौदह में देश का केंद्रीय बजट लगभग सोलह लाख करोड़ रुपये था और आज यह अड़तालीस लाख करोड़ रुपये है।

———बाईट———

2013–14 में हम कैपिटल एक्सपेंडिचर में करीब सवा दो लाख करोड रुपए खर्च करते हैं, लेकिन आज का कैपिटल एक्सपेंडिचर 11 लाख करोड़ से ज्यादा है। ये 11 लाख करोड रुपए आज नए अस्पताल, नए स्कूल, सड़क, रेल, रिसर्च फैसिलिटी, ऐसे अनेक पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च कर रहे हैं। पब्लिक पर खर्च बढाने के साथ ही हम पब्लिक का पैसा भी बचा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में अब सवा लाख से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप हैं और युवा देश को गौरवान्वित करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आज भारत में कम से कम दस करोड़ लखपति दीदियां हैं।

———————————————————

राज्य में पैक्स चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी है। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के अनुसार नामांकन की प्रक्रिया कल तक चलेगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि बाईस नवम्बर निर्धारित है। इस चरण के लिए मतदान उनतीस नवम्बर को होगा। वहीं, चौथे चरण में एक दिसम्बर को होने वाले मतदान के लिए कल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी।

———————————————————

विधान परिषद की तिरहुत स्नातक सीट पर पांच दिसम्बर को होने वाले उप चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। अठारह नवम्बर तक उम्मीदवार नामांकन दाखिल कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार अभी तक जदयू के अभिषेक झा, आरजेडी के गोपी किशन, निर्दलीय उम्मीदवार राकेश रौशन, जनसुराज के डॉ. विनायक गौतम समेत आठ उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। उन्नीस नवम्बर को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि इक्कीस नवम्बर तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकते हैं।

———————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सक्षमता परीक्षा– दो हजार चौबीस के द्वितीय चरण का परिणाम घोषित कर दिया है। यह परीक्षा नियोजित शिक्षकों के लिए आयोजित की गयी थी। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने आज परिणाम समिति की वेबसाइट पर जारी करते हुए बताया कि कुल पैंसठ हजार सात सौ सोलह अभ्यर्थी सफल हुए हैं।

———बाईट———

उन्होंने बताया कि कुल बाईस विषयों की परीक्षा के परिणाम जारी किये गये हैं। श्री किशोर ने बताया कि नौवीं और दसवीं के पांच विषय और ग्यारहवीं और बारहवीं

कक्षा के दो विषयों के लिए तेरह नवम्बर को आयोजित सक्षमता परीक्षा का परिणाम इस महीने के अंत तक जारी कर दिया जाएगा।

———बाईट———

अभ्यर्थी आवेदन संख्या और जन्म तिथि के आधार पर समिति की आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बीएसईबीसक्षमता डॉट कॉम पर परिणाम देख सकते हैं।

———————————————————————

बिहार रेजिमेंटल सेंटर दानापुर में कल से शुरू होने वाली सेना भर्ती रैली के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। भर्ती रैली का आयोजन अब अट्ठाईस नवम्बर से जिलावार किया जाएगा। इस संबंध में बीआरसी की ओर से अधिसूचना जारी की गयी है। सेना की ओर से कहा गया है कि आर्मी में भर्ती के लिए बहुत बड़ी संख्या में उम्मीदवारों के शामिल होने की संभावना है। सभी इच्छुक उम्मीदवारों को अवसर मिल सके। इसके लिए तिथि बढ़ाई गयी है और जिलावार भर्ती का विस्तृत कार्यक्रम जल्द ही सूचित किया जाएगा।

———————————————————————

केंद्रीय सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। श्री मांझी ने नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में खादी और ग्रामोद्योग आयोग—केवीआईसी मंडप का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से खादी और अन्य कुटीर उद्योगों से जुड़े लोगों का मनोबल बढ़ा है। श्री मांझी ने केवीआईसी के विभिन्न स्टॉलों का दौरा किया और स्टॉल संचालकों से बातचीत भी की।

———————————————————————

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि सरकार कारीगरों और बुनकरों को कच्चे माल से लेकर बाजार तक की सुविधा उपलब्ध करा रही है। नई दिल्ली में आज तैंतालीसवें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले, आईआईटीएफ में मंत्रालय के मंडप का उद्घाटन करते हुए श्री सिंह ने कहा कि यह मेला कारीगरों को एक बड़ा मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं

जयंती के अवसर पर मंडप में जनजातीय थीम पर विशेष हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पाद रखे गए हैं।

——————————————————————

राजगीर में आयोजित एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में आज भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन को तीन–शून्य से पराजित कर दिया। इस जीत के साथ ही भारत प्वाइंट टेबल में शीर्ष पर पहुंच गया है। भारत की ओर से कप्तान सलिमा टेटे, दीपीका सेहरावत और संगीता कुमारी ने एक–एक गोल किए। इससे पहले खेले गए अन्य मुकाबलों में कोरिया ने थाईलैंड को चार–शून्य से, जबकि जापान ने मलेशिया को दो–एक से पराजित किया।

——————————————————————

पत्रकारिता की मर्यादा बनाए रखने और लोकतंत्र को मजबूत करने के संकल्प के साथ आज देशभर में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया। यह दिन प्रतिवर्ष सोलह नवम्बर को स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस की भूमिका को रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न भागों में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पटना में मुख्य कार्यक्रम सूचना और जनसंपर्क विभाग के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सूचना और जनसंपर्क विभाग के मंत्री महेश्वर हजारी ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इसके लिए मीडिया की स्वतंत्रता बनाए रखने की जरूरत है।

———बाईट———

श्री हजारी ने कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया का प्रभाव बढ़ा है, लेकिन आज भी पारंपरिक मीडिया का महत्व खत्म नहीं हुआ है। इधर, शेखपुरा, अररिया, कैमूर और कई अन्य जिलों में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रेस के बदलते स्वरूप पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम के दौरान कई वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

——————————————————————

इधर, पटना में इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने पत्रकारों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में मीडिया का स्वरूप तेजी से बदला है। श्री सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए इसे शिक्षा व्यवस्था का हिस्सा बनाने की जरूरत है।

———————————————————————————

उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के प्रभाव से राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश भागों के न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की गयी है। इसके चलते ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी हो सकती है। इधर, विभाग ने पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, किशनगंज, अररिया समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में अधिकांश स्थानों पर अगले दो दिनों तक सुबह और शाम के समय अत्यधिक घना कोहरा छाये रहने की संभावना को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कहा है कि इस दौरान अन्य स्थानों पर भी घना कोहरा छाया रहेगा।

———बाईट———

———————————————————————————

लोक गायिका शारदा सिन्हा की स्मृति में आज पटना के रविंद्र भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शारदा सिन्हा के परिवार की ओर से आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, संगीत और कला जगत की कई नामचीन हस्तियां शामिल हुई। लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर लोगों ने शारदा सिन्हा के अमूल्य योगदान को याद किया।

———————————————————————————

राष्ट्रीय कैडेट कोर, एनसीसी की नेवी विंग की विशेष नौकायान टीम आज अपने अभियान के चौथे चरण के लिए बक्सर से पटना के लिए रवाना हुई। एनसीसी के बिहार–झारंखड निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल ए. एस. बजाज ने अभियान को हरी झंडी दिखाई।

———————————————————————————

शिवहर जिले के डुमरी कटसरी प्रखंड के श्यामपुर गांव में अंतरराज्यीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दंगल प्रतियोगिता का खिताब बनारस के पहलवान के नाम रहा। इस अवसर पर स्थानीय विधायक चेतन आनंद और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के कंगली थाना क्षेत्र से पुलिस ने पांच सौ और दो सौ के कुल पचपन हजार छह सौ रुपये मूल्य के भारतीय जाली नोटों के साथ एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

खगड़िया के पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार कुशवाहा ने कर्तव्यहीनता के आरोप में दो पुलिस अवर निरीक्षक, एक सहायक अवर निरीक्षक, एक हवलदार और पांच महिला सिपाही समेत बारह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – उनकी सरकार का लक्ष्य भारत को वोट–बैंक की राजनीति से परे एक विकसित राष्ट्र बनाना है।

02. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सक्षमता परीक्षा के द्वितीय चरण का परिणाम घोषित किया। पैंसठ हजार सात सौ सोलह अभ्यर्थी हुए सफल।

03. बिहार रेजिमेंटल सेंटर दानापुर में कल से होने वाली सेना भर्ती रैली के कार्यक्रम में बदलाव। अब अट्ठाईस नवम्बर से जिलावार शुरू होगी रैली।

04. और, राजगीर में आयोजित एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन जारी। चीन को तीन–शून्य से पराजित कर प्वाइंट टेबल में शीर्ष पर पहुंची।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।